## चेंबर की चेतावनी का असर: नगर निगम ने रातभर में पाट दिए शहर के गड्ढे

शहरवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन देने के उद्देश्य से नगर निगम ने देर रात विशेष अभियान चलाकर विभिन्न प्रमुख सड़कों के गड्ढे भरवाए।








**सतना।** रात में काम होने से न तो यातायात बाधित हुआ और न ही आम जनता को परेशानी हुई। नगर निगम प्रशासन के अनुसार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। गौरतलब है कि टूटी सड़कों और बदहाल बुनियादी सुविधाओं को लेकर हाल ही में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर निगम का घेराव किया था। इस दौरान महापौर और एडीएम को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधारने का आश्वासन लिया गया था। हालांकि,छह दिन बीत जाने के बाद भी जब सड़कों की हालत नहीं सुधरी,तो चेंबर ने कड़ा रुख अपनाया। चेंबर ऑफ कॉमर्स ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गुरुवार,23 जुलाई को खुद ही श्रमदान करके गड्ढे भरने का ऐलान कर दिया था। चेंबर की इस सीधी चेतावनी के बाद हरकत में आए नगर निगम प्रशासन ने आनन-फानन में रात में ही अमला उतारकर सड़कों के गड्ढे पाटने का काम पूरा कर दिया।

## डकैत ददुआ को श्रद्धांजलि देकर विवादों में घिरे भाजपा नेता

# 'पुण्यात्मा' और 'दस्यु हृदय सम्राट' लिखने पर बवाल

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा-नोटिस जारी कर तलब करेंगे जवाब; कांग्रेस का तंज,बोले- हिंसक प्रवृत्ति का महिमामंडन गलत

**सतना।** विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में दशकों तक खौफ का पर्याय रहे कुख्यात डकैत शिवकुमार कुर्मी उर्फ 'ददुआ' की पुण्यतिथि पर उसे श्रद्धांजलि देना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कई स्थानीय नेताओं को भारी पड़ गया है। सोशल मीडिया पर डकैत ददुआ को 'पुण्यात्मा' और 'दस्यु हृदय सम्राट' बताने वाली पोस्ट वायरल होते ही जिले की राजनीति में भारी भूचाल आ गया है। इस मामले पर अब भाजपा संगठन ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही है।



### इन नेताओं की पोस्ट पर मचा राजनीतिक घमासान

सोशल मीडिया पर डकैत ददुआ के समर्थन में पोस्ट साझा करने वालों में सतना जिले के कई प्रमुख भाजपा चेहरे शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से रावेंद्र सिंह पटेल (जनपद अध्यक्ष,रामपुर बघेलान),गीतेश्वर सिंह पटेल (भाजपा जिला उपाध्यक्ष), विजय पटेल (पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल के भाई), सिद्धार्थ सिंह पटेल (भाजपा जिलामंत्री वसुंधरा सिंह के चाचा) आदि शामिल हैं। इन नेताओं ने ददुआ की तस्वीर के साथ उसे 'पुण्यात्मा' और समाज के लिए 'संघर्ष का प्रतीक' बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

### सोशल मीडिया पर जनता का आक्रोश,विपक्ष ने घेरा

वायरल पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने भाजपा नेताओं की जमकर क्लास लगाई। लोगों ने सवाल उठाया कि क्या सैकड़ों निर्दोषों की हत्या,अपहरण और लूट को 'संघर्ष' की संज्ञा दी जा सकती है? कुछ यूजर्स ने तंज कसते हुए यहाँ तक लिख दिया कि "यदि भाजपा नेता ददुआ से इतना ही प्रभावित हैं,तो उसकी पुण्यतिथि पार्टी कार्यालय में मनाई जानी चाहिए।"

### कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा 'डब्बू' का हमला

ऐसे लोग सिर्फ जातिवाद की घटिया राजनीति करते हैं,इनकी कोई निश्चित विचारधारा नहीं है। हम अहिंसावादी लोग हैं और कभी भी हिंसा के पर्याय रहे व्यक्ति का समर्थन नहीं कर सकते। परिस्थितियां चाहे जो भी रही हों,कानून हाथ में लेने वाले और हथियार उठाने वाले व्यक्ति का महिमामंडन पूरी तरह से गलत है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- 'शब्दावली निंदनीय, होगी सख्त कार्रवाई'

विवाद बढ़ता देख भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय ने सफाई दी है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा किसी दुर्दांत डकैत के लिए पार्टी पदाधिकारियों द्वारा इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग करना अत्यंत निंदनीय है। पार्टी इस तरह की सोच का समर्थन नहीं करती। जिन भी नेताओं ने यह कार्य किया है,उन्हें संगठन की ओर से नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया जाएगा।

### 200 से अधिक मामलों में वांछित था ददुआ

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार,शिवकुमार पटेल उर्फ ददुआ पर विंध्य और बुंदेलखंड के जिलों में हत्या,हत्या के प्रयास,रंगदारी,लूट और अपहरण के 200 से अधिक संगीन मामले दर्ज थे। उसका गिरोह दशकों तक आम नागरिकों,व्यापारियों और पुलिस मुखबिरों की निर्मम हत्याओं के लिए जाना जाता था। ददुआ को उत्तर प्रदेश की पुलिस ने मानिकपुर के झलमल के जंगल में मुठभेड़ में ढेर किया था।



## कल होगा महानाट्य 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' का मंचन

**सतना।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 25 जुलाई को शाम 6:30 बजे विट्स कॉलेज में भव्य महानाट्य 'युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार' का आयोजन किया जाएगा। संस्कार भारती के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नागपुर की प्रसिद्ध संस्था 'नादब्रह्म' के 40 कलाकार संघ संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार के प्रेरक जीवन चरित्र को मंच पर जीवंत करेंगे। सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति,त्याग और कर्तव्यबोध का जागरण करना है। उन्होंने कहा कि डॉ.हेडगेवार देश के चुने हुए डॉक्टरों में से एक थे,लेकिन उन्होंने डॉक्टरी को व्यवसाय न बनाकर अपना संपूर्ण जीवनराष्ट्र और समाज के संगठन के लिए समर्पित कर दिया। संस्कार भारती के अनुसार,इस नाटक में डॉ.साहब के बाल्यकाल, स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका,संघ स्थापना और राष्ट्रनिर्माण के संकल्पों को प्रकाश,संगीत और संवादों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। महापौर व आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे परिवार और युवाओं के साथ इस सांस्कृतिक प्रेरणापुंज कार्यक्रम का साक्षी अवश्य बनें।

## राजस्व कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें

### कलेक्टर सतना ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक



**सतना।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरुवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण,राजस्व वसूली की प्रगति,भू-अभिलेखों के संधारण एवं अद्यतन सहित आमजन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अविवादित नामांतरण,भू-अभिलेख सुधार,नक्शा दुरुस्ती एवं राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम महिपाल सिंह,राहुल सिलाडिया, जितेंद्र वर्मा, सुमेश द्विवेदी, सुभाष मिश्रा सहित जिले के अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि नामांतरण,बंटवारा एवं सीमांकन जैसे प्रकरणों में विलंब की शिकायतें प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से न्यायालयीन कार्यवाही करें तथा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करे। कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी तहसीलदार,नायब तहसीलदार एवं पटवारियों के साथ प्रत्येक मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालय के मीटिंग हॉल में उपस्थित रहकर जनसुनवाई आयोजित करें। साथ ही उन्होंने राजस्व न्यायालयों के संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाये। कलेक्टर ने भू-अभिलेखों के डिजिटलीकरण एवं अद्यतन कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि रिकॉर्ड की शुद्धता सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की त्रुटि को तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल रिकॉर्डस के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। बैठक में जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का त्वरित,गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# परिवहन विभाग का शिकंजा: फिटनेस फेल मिलने पर एंबुलेंस जब्त, हड़कंप





**सतना।** जिले में मरीजों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों के खिलाफ परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। जिला अस्पताल परिसर एवं शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाए गए एक विशेष जांच अभियान के दौरान कई एंबुलेंसों को बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र और अधूरे दस्तावेजों के साथ संचालित पाया गया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन वाहनों को जब्त कर यातायात थाने भेज दिया। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि शहर में कई ऐसी एंबुलेंस चल रही हैं जो सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर खरी नहीं उतरतीं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए यातायात डीएसपी,यातायात प्रभारी तथा परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के दौरान वाहनों के फिटनेस,बीमा,परमिट और रजिस्ट्रेशन में गंभीर कमियां पाई गईं। अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से एंबुलेंस चालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक टीम को देखकर रास्ते बदलते नजर आए।अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी बिना वैध दस्तावेजों के पाई जाने वाली एंबुलेंसों पर भारी जुर्माना और जब्ती की कार्रवाई जारी रहेगी।

## सिविल लाइन में जुटे सोनम वांगचुक के समर्थक, पुलिस बल तैनात

**सतना।** शहर के सिविल लाइन स्थित भरहुत होटल के सामने सोनम वांगचुक के समर्थकों का जमावड़ा देखा गया। पर्यावरणविद् और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक के समर्थन में लोग शांतिपूर्ण ढंग से एकत्रित हुए। मामले की संवेदनशीलता और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन तुरंत हरकत में आया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी की अगुवाई में भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।पुलिस अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर स्थिति पर नजर रखी ताकि यातायात सुचारू रूप से चलता रहे और शांति व्यवस्था में कोई बाधा न आए। समर्थकों का यह एकत्री करण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर पहुंचे युवा हाथ में तख्ती लिए हुए थे जिसमें लिखा था धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो... पेपर लीक अब नहीं... जय हिंद... आधी-आधी तरह के नारे लिखे हुए थे।




## विक्रम-1 मिशन में योगदान देने वाले युवा इंजीनियर रत्नेंद्र सिंह के पिता का कलेक्टर ने किया सम्मान

**सतना।** निजी क्षेत्र के प्रथम ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 के सफल मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर सतना जिले का गौरव बढ़ाने वाले कोठरा (जैतवारा) निवासी युवा इंजीनियर रत्नेंद्र सिंह के पिता एवं भारतीय सेना से सेवानिवृत्त पुष्पेंद्र सिंह का गुरुवार को कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने अपने कक्ष में शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि रत्नेंद्र सिंह की उपलब्धि पूरे सतना जिले और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि देश के अंतरिक्ष मिशन में जिले के एक युवा का महत्वपूर्ण योगदान हम सभी के लिए गर्व का विषय है।साथ ही उन्होंने रत्नेंद्र सिंह के माता-पिता को इस सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके संस्कारों और मार्गदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह एवं अपर कलेक्टर विकास सिंह भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पुष्पेंद्र सिंह को शुभकामनाएं देते हुए रत्नेंद्र सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप

### वैश्य महासम्मेलन में नई नियुक्तियां, राजीव और संजय को बड़ी जिम्मेदारी





**सतना।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश ने संगठन विस्तार के तहत राजीव गुप्ता को जिला प्रभारी और संजय गुप्ता को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हुई इन नियुक्तियों का उद्देश्य बूथ और वार्ड स्तर तक संगठन को मजबूत कर सामाजिक कार्यों को गति देना है।

### एकेएस यूनिवर्सिटी का कीर्तिमान: 2026 बैच के इंजीनियरिंग छात्रों का 100 फीसदी प्लेसमेंट



**सतना।** विंध्य अंचल के एकेएस विश्वविद्यालय ने रोजगार के क्षेत्र में नया इतिहास रचा है। वर्ष 2026 के बी.टेक. और डिप्लोमा (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) के विद्यार्थियों ने 100 प्रतिशत कैंपस प्लेसमेंट हासिल किया है। इस दौरान 164 से अधिक विद्यार्थियों को देश की नामी बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों में नियुक्ति मिली है। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस भर्ती अभियान में जेके सीमेंट, अडानी कोल, अल्ट्राटेक, मिकुनी इंडिया और टाफे मोटर्स जैसी 30 से अधिक प्रमुख कंपनियां शामिल हुईं। सबसे अधिक 41 विद्यार्थियों का चयन मिकुनी इंडिया ने किया। वहीं,बी.टेक.विद्यार्थियों को अधिकतम 6.10 लाख रुपये वार्षिक का पैकेज जेके सीमेंट लिमिटेड द्वारा दिया गया। बी.टेक. का औसत पैकेज 4.20 लाख रुपये तथा डिप्लोमा छात्रों का अधिकतम पैकेज 4.50 लाख रुपये रहा। विश्वविद्यालय की इस सफलता का श्रेय उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रम,आधुनिक प्रयोगशालाओं और विशेष सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण को दिया जा रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रो-चांसलर इंजीनियर अनंत कुमार सोनी और कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े सहित प्रबंधन टीम ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और इसे पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

### ग्रामोदय विश्वविद्यालय के एआई-डिवाइस डिज़ाइन को मिला भारत सरकार का पेटेंट

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय ने शिक्षा और तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित एआई-इनहांस्ड एजुकेशनल डिवाइस फॉर पर्सनलाइज्ड लर्निंग के डिजाइन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा पंजीकृत किया गया है। इस नवाचार के मुख्य शोधकर्ता कंप्यूटर साइंस विशेषज्ञ डॉ.देव रस पाण्डेय और उनकी टीम हैं। यह एआई-संचालित उपकरण विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता,गति और रुचि का विश्लेषण कर उन्हें व्यक्तिगत अध्ययन मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इससे स्मार्ट क्लासरूम,डिजिटल शिक्षा और अनुकूली शिक्षण व्यवस्था को एक नया आयाम मिलेगा। ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों के छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने में यह बेहद उपयोगी सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.आलोक चौबे ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय हमेशा से नवाचारों का हिमायती रहा है और यह सफलता हमारी शोध संस्कृति व राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। डॉ.पाण्डेय पूर्व में भी क्लाउड कंप्यूटिंग,साइबर सुरक्षा,आईओटी और डीप लर्निंग जैसे विषयों पर कई महत्वपूर्ण शोध कर चुके हैं। समूचे विश्वविद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि के लिए शोध टीम को बधाई दी है।

### जिले में अब तक 341.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जुलाई तक 341.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 432 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 299.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 387.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 456 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 388.2 मि.मी., नागौद में 358.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 136.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 273 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 567.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज पन्ना आएंगे



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार, 24 जुलाई को पन्ना प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 01:50 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा प्रस्थान कर 02:35 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचेंगे एवं 02:45 बजे हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 03 बजे पन्ना हेलीपैड आएंगे। जिला मुख्यालय पन्ना पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 05:05 बजे पन्ना हेलीपैड से प्रस्थान कर 05:20 बजे खजुराहो विमानतल पहुंचेंगे एवं वायुयान द्वारा 05:30 बजे भोपाल रवाना होंगे।

## महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में प्राणिशास्त्र का पहला पी-एच.डी. वाइवा संपन्न



**पन्ना।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के लिए यह दिन ऐतिहासिक एवं उपलब्धि भर रहा है। विश्वविद्यालय के प्राणिशास्त्र विभाग का प्रथम पी-एच.डी. वाइवा सृजनशाला सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कुलगुरु डॉ. राकेश सिंह कुशवाह के निर्देशन तथा कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के प्रशासनिक मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में शोध गतिविधियों को नई गति मिल रही है। इसी क्रम में प्राणिशास्त्र अध्ययनशाला एवं शोध केंद्र की शोधार्थी श्रीमती वंदना सिंह ने पी-एच.डी. उपाधि के लिए आयोजित अंतिम मौखिकी परीक्षा में अपने शोधकार्य का सफलतापूर्वक प्रस्तुतिकरण किया। शोधार्थी ने ष्इम्पैक्ट ऑफ हाइड्रो-एडाफिक कैरेक्टरिस्टिक्स ऑन इच्थियोफॉनल डाइवर्सिटी ऑफ लोकपाल सागर पॉन्ड इन पन्ना डिस्ट्रिक्ट ऑफ मध्य प्रदेश, भारतष विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। वंदना सिंह ने यह शोधकार्य प्राणिशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं शोध-निर्देशक डॉ. अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। अंतिम मौखिकी परीक्षा के बाह्य परीक्षक के रूप में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के प्राणिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विपिन व्यास उपस्थित रहे। उन्होंने शोधकार्य का गहन परीक्षण एवं मूल्यांकन करते हुए शोधार्थी से विषय से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका वंदना सिंह ने तथ्यपरक एवं संतोषजनक उत्तर देकर अपनी शोध क्षमता का परिचय दिया। प्रो. विपिन व्यास ने श्रीमती वंदना सिंह को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शोध प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बहादुर सिंह परमार, प्राणिशास्त्र अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. गौरी सनागो, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. एच.एन. खरे, डॉ. अर्चना चौहान, वनस्पतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता अरजरिया, प्रो. पी.के. खरे (डीसीडीसी), बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. के.के. गंगेले, डॉ. मनीषा तिवारी सहित विभाग के शोधार्थी एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### बृजेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व मंत्री पन्ना विधायक की सोच धर्म के साथ-साथ पन्ना की धरा व मंदिरों पर्यटन नगरी के साथ-साथ विकास को लेकर सार्थक पहल रंग लायेगी

# परम श्रद्धेय गुरूवर किशोर दास जी की कृपा से भगवान श्री युगल किशोर मंदिर में धर्म की गंगा





**पन्ना।** राजनीति में इतिहास साक्षी है एक सफल आयाम की दिषा धर्म की दिषा से होकर गुजरती है यहां पन्ना में भी विगत समय एक सप्ताह से जहां पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की सोच के चलते पन्ना की पवित्र नगरी एवं पावन धरा मंदिरों की नगरी को दुनिया में भगवान युगल किषोर जी की कृपा से जाना जाये। जहां गुरूवर किषोरदास जी के आर्षीवाद व सानिध्य में धर्म की दिषा तय करते हुये पन्ना में भगवान युगल किषोर मंदिर प्रांगण में जहां भागवत कथा का आयोजन परम श्रद्धेय श्री राजेन्द्र दास जी के मुखारबिन्दों से भागवत कथा का आनंद जहां भक्तगणों ने लिया अब वहीं इसी दौरान जाने-माने कथावाचक प्रवचनकर्ता व भजन गायक सभी ने पन्ना में धर्म की गंगा को श्रद्धालुओं के लिये अमृतरूपी पान कराया। इस तरह से एक सफल राजनैतिज्ञ सोच के साथ-साथ विकास पुरूष की सोच जहां धर्म की ध्वजा के साथ-साथ अब विकास को लेकर भगवान युगल किषोर जी की कृपा से अपने गुरूवर किषोरदास जी के सानिध्य में वहीं म0प्र0 सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव का आगमन आज 24 जुलाई का दिन एक बार फिर विकास को लेकर इतिहास के रूप में साक्षी बनेगा। यहां यह कहें तो अतिसंयुक्ति नहीं गुरूकृपा से प्रभुकृपा का मार्ग वहीं अब सरकार के मुखिया मोहन जी से आस विकास को लेकर पन्ना में आज का दिन कहीं न कहीं अलग ही साक्षी बनेगा। निष्चिततौर पर राजनीति का पड़ाव जब एक अच्छे मुकाम पर पहुंचता है इसके पीछे सोच धर्म की दिषा के साथ-साथ भगवान का आर्षीवाद वहीं आम जनता के कल्याण का मार्ग साथ ही विकास की दिषा जो वर्तमान में जरूरी है पन्ना में जहां विकास को लेकर अब बृजेन्द्र प्रताप सिंह का मास्टर स्ट्रोक किस तरह से सफल होगा यह तो मुख्यमंत्री जी के आगमन के बाद जब अपने मुखारबिन्दों से विकास की सौगात को लेकर घोषणायें होंगी तभी सफल आयाम सिद्ध होगा निष्चित ही सरकार के मुखिया से अब जुड़ी उम्मीदें यहां गुरूवर किषोरदास जी की कृपा से धर्म की गंगा बही जिसके पीछे प्रयास पूर्व मंत्री पन्ना विधायक की सोच वहीं भगवान युगल किषोर जी की कृपा से श्रद्धालुओं के द्वारा धर्म की गंगा का लाभ लिया गया। अब सरकार के मुखिया मोहन जी की कृपा से विकास की गंगा बहेगी। मुख्यमंत्री जी के आगमन को लेकर तैयारियों का जायजा आयुक्त सागर संभाग आईजी तथा पुलिस अधीक्षक पन्ना व पन्ना जिला प्रषासन के अधिकारियों के साथ पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा किस तरह से अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्था को लेकर लिया जायजा।

# दिल्ली के जंतर-मंतर में छात्र-छात्राओं के ऊपर हुये लाठी चार्ज से आक्रोश



### स्मूचे जिले में चर्चा का विषय, गांवों कस्बों में भी छात्र-छात्राओं में रोष व्याप्त

**पन्ना।** देष की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर में जहां छात्र-छात्राओं के आंदोलन की आग अब जिले की तहसीलों व कस्बों में भी युवा छात्रों में रोस को लेकर देष के षिक्षा मंत्री से स्तीफे की कि जा रही मांगजिला मुख्यालय के साथ-साथ अजयगढ तहसील अंतर्गत ग्राम खोरा में भी जहां जंतर-मंतर दिल्ली में छात्र-छात्राओं के ऊपर जिस तरह से पुलिस के द्वारा बर्बता पूर्ण लाठी चार्ज आंसू गैस के गोले जो दागे गये सोषल मीडिया की खबरों से आग समूचे जिले तहसीलों व कस्बों तक चर्चा का विषय बनी वहीं छात्र-छात्राओं ने देष के षिक्षा मंत्री के स्तीफे की मांग को लेकर की आवाज बुलंद। खोरा क्षेत्र में आज छम्म्ज् पेपर लीक मामले को लेकर युवाओं और स्थानीय लोगों ने विरोध रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं, इसलिए इसकी जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन और सरकार से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र सजा दी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रा ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र



### गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा उत्कृष्ट विद्यालय में 8वें प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

**गुन्नौर।** संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्गुरु पूर्णिमा पखवाड़ाश के अंतर्गत करियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान श्रृंखला की 8वीं कड़ी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए जीवन में शिक्षा, गुरु के महत्व और सही करियर चयन पर ओजस्वी विचार व्यक्त किए। प्राचार्य मिश्रा अपने प्रेरक संबोधन में प्राचार्य प्रभु दयाल मिश्रा ने कहा कि "गुरु का मार्गदर्शन और विद्यार्थी का दृढ़ संकल्प किसी भी कठिन लक्ष्य को आसान बना सकता है।" उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, निरंतरता और सही समय पर लिया गया निर्णय ही जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने करियर मार्गदर्शन सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के व्यावहारिक टिप्स साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और गुरु वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक और तकनीकी क्षेत्रों में करियर बनाने की बारीकियों से अवगत कराया गया। व्याख्यान के अंत में छात्रों ने अपने करियर और पढ़ाई से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका प्राचार्य मिश्रा ने सहजता से समाधान किया गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का उद्देश्य केवल एक दिन की औपचारिकता न होकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उन्हें सही राह दिखाना है।" प्रभु दयाल मिश्रा (प्राचार्य) प्रेरक व्याख्यान के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्राचार्य के जोशीले और ज्ञानवर्धक संबोधन से विद्यार्थी बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

# अनाथ और वंचित बच्चों के सुनहरे भविष्य की नई भोर, जेके सीमेंट ने मिशन वात्सल्य के तहत दी 9.60 लाख की बड़ी सहायता

**अमानगंज।** समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नौनिहालों के सपनों को पंख देने की दिशा में जेके सीमेंट ने एक बेहद अनुकरणीय और प्रेरणादायक पहल की है। महिला एवं बाल विकास विभाग (जिला पन्ना) के सहयोग से तथा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शिमशन वात्सल्यश के तहत, जेके सीमेंट ब्ट ने जिले के अनाथ, बेसहारा और अत्यधिक जरूरतमंद बच्चों के बेहतर पालन-पोषण का संकल्प लिया है। इस मानवीय और कल्याणकारी पहल के अंतर्गत जेके सीमेंट प्रबंधन की ओर से निदेशक श्री पॉल हेंज ह्यूगेन्टोबलर (डत. च्ंनस भ्मपद्र भ्नहमदजवइसमत) एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक तथा सीईओ श्री माधवकृष्ण सिंघानिया (डत. डंकींआतपीदं पदहींदपं) ने आधिकारिक रूप से 9,60,000 (नौ लाख साठ हजार रुपये) की सहायता राशि का चेक प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा।

मिशन वात्सल्य, यह पैसा किसके लिए और क्यों होगा इस्तेमाल?

मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण की एक ऐसी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य संकटग्रस्त और कठिन परिस्थितियों में जी रहे बच्चों को पारिवारिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। जेके सीमेंट द्वारा प्रदान की गई 9.60 लाख की राशि का उपयोग निम्नलिखित प्राथमिकताओं के लिए किया जाएगा।



### किन बच्चों को मिलेगा लाभ (लाभार्थी) -

ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है (अनाथ बच्चे)। एकल अभिभावक (सिंगल पेरेंट) वाले बच्चे, जिनकी आर्थिक स्थिति अत्यधिक दयनीय है। गंभीर बीमारियों से पीड़ति या संकटग्रस्त परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बेसहारा बच्चे।

### किस काम में आएगा यह पैसा (उपयोग)-

गुणवत्तापूर्ण शिक्षारू बच्चों की स्कूल फीस, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री सुनिश्चित करना, ताकि विपरीत परिस्थितियों के कारण उनकी पढ़ाई न छूटे। उत्तम स्वास्थ्य और पोषणरू बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाओं का प्रबंध करना। सुरक्षित जीवन स्तररू बच्चों को उनके ही परिवार/रिश्तेदारों के साथ सुरक्षित माहौल में रहने के लिए वित्तीय संबल देना, ताकि उन्हें बाल गृहों (बेपसक ब्ंतम प्देजपजनजपवदे) में न जाना पड़े।

### इस पहल के मुख्य आकर्षण-

शीर्ष नेतृत्व का व्यक्तिगत योगदानरू जेके सीमेंट के वरिष्ठ नेतृत्व श्री पॉल हेंज ह्यूगेन्टोबलर और श्री माधवकृष्ण सिंघानिया की गरिमामयी उपस्थिति में चेक सौंपे जाने से इस पहल को एक नया संबल और दिशा मिली है। सपनों को नई उड़ानरू इस वित्तीय सहायता का मुख्य ध्येय यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी वंचित बच्चा अपने मौलिक अधिकारों और शिक्षा से दूर न रहे, बल्कि समाज की मुख्यधारा से जुड़कर एक सशक्त नागरिक बने। हमारा लक्ष्य केवल वित्तीय सहायता देना नहीं, बल्कि इन बच्चों में यह विश्वास जगाना है कि उनका भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल है। परिस्थितियों की वजह से किसी भी बच्चे की शिक्षा नहीं रुकनी चाहिए। जेके सीमेंट शिमशन वात्सल्यश के साथ मिलकर इन बच्चों के सपनों को सच करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### कॉर्पोरेट-प्रशासन की मिसाल-

चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने जेके सीमेंट की इस प्रायोजन योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रस्तुत 9.60 लाख का यह योगदान कॉर्पोरेट जगत और प्रशासन की साझीदारी की एक बेहतरीन मिसाल है, जो समाज के सबसे वंचित बच्चों के जीवन में एक बड़ा और स्थायी बदलाव लाएगा। इस अवसर पर पन्ना जिले के कई गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिन्होंने जेके सीमेंट के इस सामाजिक सरोकार की मुक्त कंठ से सराहना की।

# पवई विधानसभा को 23.40 करोड़ की स्वास्थ्य सौगात

### सिमरिया और रैपुरा में बनेंगे 30-30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

**पवई।** पवई विधानसभा क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। मध्यप्रदेश शासन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरिया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रैपुरा (शाहनगर) का उन्नयन कर उन्हें 30-30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के रूप में स्वीकृति प्रदान की है। दोनों परियोजनाओं के लिए 11.70-11.70 करोड़ रुपए, यानी कुल 23.40 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। स्वीकृत राशि से दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में सिविल निर्माण, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। इससे पवई विधानसभा के हजारों ग्रामीणों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी और गंभीर मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय या अन्य शहरों की दौड़ कम करनी पड़ेगी। विधायक प्रहलाद लोधी ने इसे क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह निर्णय पवई विधानसभा के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी तथा लोगों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं का लाभ शीघ्र मिलेगा। यह परियोजना पूरी होने के बाद सिमरिया, रैपुरा और आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को बेहतर उपचार, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी।



# हायर सेकेंडरी स्कूल मकरी में थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्त जीवन की दिलाई शपथ

**पन्ना।** थाना धर्मपुर क्षेत्र को नशामुक्त बनाने और युवाओं को स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, मकरी में थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया गया। साथ ही विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार एवं समाज को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। विद्यालय के प्राचार्य विजय सिंह ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन अपनाने और समाज से नशे जैसी



कुरीतियों को समाप्त करने में अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नशा मुक्ति अभियान की सराहना की।

विद्यार्थियों ने लिया नशा न करने का संकल्प

कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को जीवनभर किसी भी प्रकार का नशा न करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक शपथ लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन एवं उपस्थित लोगों ने थाना धर्मपुर की इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में जनजागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यकम के दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षक लखनलाल कोरी, मुकेश कुमार जायसवाल एवं माध्यमिक शिक्षक रामपाल सिंह लोध दिनेश कुमार पटेल, प्रकाश सिंह गौतम, अतिथि शिक्षकों में राम बहोरी सिंह लोधी, नत्थू प्रसाद यादव, जुगराज यादव मुन्नीलाल राजपूत राम रतन पटेल , अजय सिंह राजपूत जी उपस्थिति रहे और इस नशामुक्ति कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था में कार्यरत अतिथि शिक्षक एवं लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन पन्ना के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार लोध ने किया।

# अतिक्रमण हटाकर 30 हेक्टेयर वन भूमि पर हुआ वृक्षारोपण कैम्पा योजना के तहत वन विभाग की बड़ी कार्रवाई



**पन्ना।** उत्तर वनमण्डल पन्ना के वनपरिक्षेत्र अजयगढ़ अंतर्गत बीट मझपटिया के वन कक्ष क्रमांक पी-213 में गुरुवार, 23 जुलाई 2026 को कैम्पा मद अंतर्गत वर्ष 2025-26 की 30 हेक्टेयर मिश्रित वृक्षारोपण योजना के तहत अतिक्रमण हटाकर सफलतापूर्वक वृक्षारोपण कराया गया। यह कार्रवाई वनमण्डलाधिकारी उत्तर वनमण्डल पन्ना एवं उपवनमण्डलाधिकारी पन्ना/विश्रामगंज के मार्गदर्शन तथा वनपरिक्षेत्राधिकारी पन्ना/अजयगढ़/धरमपुर अजय बाजपेयी के निर्देशन में संपन्न हुई। अभियान के दौरान संबंधित वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। पूरी कार्रवाई वन विभाग, थाना अजयगढ़ पुलिस एवं राजस्व अमले के संयुक्त प्रयासों से शांतिपूर्ण एवं निर्विवाद रूप से संपन्न हुई। अभियान के दौरान वनपरिक्षेत्राधिकारी श्री अजय बाजपेयी, प्रशिक्षु वनपरिक्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ मिश्रा सहित वनपरिक्षेत्र पन्ना, अजयगढ़ एवं धरमपुर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा थाना अजयगढ़ का पुलिस बल, राजस्व अमला तथा स्थानीय ग्रामीणों का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कैम्पा योजना के अंतर्गत किए जा रहे वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र का पुनर्स्थापन, हरित आवरण में वृद्धि तथा जैव विविधता का संरक्षण है। वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर वृक्षारोपण करना पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वन विभाग ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि वन संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 4 लोगों को बेहतर उपचार के लिए आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से कुल 2 लाख रुपए की स्वीकृत की गई है। हितग्राही उर्मिला सोनी पति अवनीश कुमार सोनी निवासी वार्ड नं 213 छतरपुर, निधि जैन पति राहुल कुमार जैन नि. वार्ड नं. 15 नील कंठ रोड छतरपुर, कमलेश कुशवाहा पिता मनप्यारे कुशवाहा निवासी ग्राम कैथोकर नौगांव एवं हरिजन मूलचंद पिता प्रेम नि. हरपालपुर जिला छतरपुर को 50-50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### तापों से मुक्ति का सर्वोत्तम साधन है श्रीमद्भागवत महापुराणः प. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**बागेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव में महाराज श्री के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही ज्ञान गंगा**

**छतरपुर।** विश्वभर में सनातन आस्था के प्रमुख केंद्र बागेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया। नव दिवसीय इस महोत्सव के मध्य धर्मप्रेमियों को श्रीमद् भागवत महापुराण श्रवण करने का पावन अवसर मिल रहा है।बागेश्वर महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी ज्ञान गंगा प्रवाहित हो रही है। देश-विदेश से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव किया। कथा के पहले दिन श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा का बखान करते हुए बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति का सबसे श्रेष्ठ साधन श्रीमद्भागवत महापुराण है। उन्होंने कहा कि जब जीव भगवान भागवत की शरण में चला जाता है तब वह संसार में भटकता नहीं बल्कि उसे जीवन का वास्तविक मार्ग प्राप्त हो जाता है। महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को जीवन का सार बताते हुए कहा कि मन में भरकर नहीं, मन भरकर जीना सीखो। उन्होंने प्रेम की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य का प्रेम इतना निर्मल और गहरा होना चाहिए कि उसे परमात्मा के अलावा कोई और दिखाई न दे। उन्होंने आगे कहा कि एक बार जीव ठाकुर जी से बंध गया फिर वह कभी छूटता नहीं, क्योंकि ठाकुर जी बांधना जानते हैं, छोड़ना नहीं। महाराज श्री के इन प्रेरणादायी वचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति, प्रेम और समर्पण का संदेश दिया।

**तीन दिवसीय गुरु दीक्षा कार्यक्रम में पहले दिन 500 लोग हुए शरणागत**

बागेश्वर धाम के सेवादार राजपाल सिंह ने बताया कि तीन दिनों तक गुरु दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। गुरुदेव की आज्ञा से 23, 24 और 25 जुलाई को होने वाले गुरु दीक्षा कार्यक्रम के पहले दिन 500 लोगों ने शरणागति ली। उन्होंने बताया कि गुरु दीक्षा लेने वाले साधकों का पहले विधिवत पूजन होता है। वह दीक्षा लेने के पहले तक व्रत धारण करते हैं। दीक्षा के बाद ही उन्हें भोजन प्रसाद मिल सकता है। पूर्व में पंजीकृत हुए लोगों को गुरुदेव दीक्षा दे रहे हैं।

### ओवर लोड भारी वाहनों से कछारी मार्ग जर्जर

**बड़वारा।** सरकार द्वारा आम जन को सुविधा पूर्ण मार्ग उपलब्ध करवाए जाने के अनेकों प्रयास किये जा रहे हैं। किन्तु कुछ कथित वाहन मालिक एवम विड़ला व्हाइट सीमेंट के प्लांट से निकलने वाले भारी भरकम ट्रकों ने कछारी ग्राम में बनी सड़क की सूरत ही बिगाड़ दी है।छात्र छात्राओं एवं आम जन के जीवन पर हर पल खतरा मंडराता रहा है, गांव के मध्य से निकली सड़क में आमजन,राहगीर व छात्र छात्राओं का रोजाना आना जाना रहता है इसके बावजूद ग्राम के बीच भारी वाहनों की आवाजाहि निरन्तर जारी रहती है। वाहनों के निकलने से सड़क के दोनों तरफ गड्ढों में कीचड़ भर जाता है जिससे बड़े व भारी वाहनों से अपने आपको बचाने के छोटे वाहन चालक व पैदल चलने वाले कीचड़ में गिर पड़ते हैं व चोटिल हो जाते हैं।

## आईसीयू के बाहर यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष को पुलिस ने रोका

# केन-बेतवा लिंक परियोजना का विरोध करने वाले अमित भटनागर से मुलाकात को लेकर हुई तीखी नोकझोंक

**छतरपुर।** केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में चल रहे आंदोलन के नेतृत्वकर्ता अमित भटनागर पिछले 5 दिनों से जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। गुरुवार को अमित से मिलने पहुंचे यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार को पुलिस ने परिसर में ही रोक दिया। इसके बाद आईसीयू के मुख्य द्वार पर पुलिसकर्मियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अभिषेक परमार ने प्रशासनिक कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए अस्पताल परिसर में ही धरने पर बैठने की चेतावनी दे दी। काफी देर तक चले भारी विवाद और गहमागहमी के बाद आखिरकार पुलिस प्रशासन को झुकना पड़ा और उन्हें अमित भटनागर से मिलने की अनुमति दी गई।



मिली जानकारी के अनुसार, अमित भटनागर स्वास्थ्यगत कारणों से पिछले पांच दिनों से जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। गुरुवार को उनका हाल-चाल जानने के लिए यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार अपने समर्थकों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान वहां तैनात पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था और आईसीयू में संक्रमण के खतरे व नियमों का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया। देखते ही देखते अस्पताल परिसर में तनाव और विरोध की स्थिति निर्मित हो गई। पुलिस द्वारा रोके जाने से आक्रोशित अभिषेक परमार ने तुरंत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से फोन पर बात की और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं यहीं धरने पर बैठ जाऊंगा, लेकिन अमित भटनागर से मिले बिना वापस नहीं जाऊंगा। प्रशासनिक सख्ती पर कड़ा प्रहार करते हुए परमार ने सवाल उठाया, क्या आईसीयू के बाहर पुलिस का इतना कड़ा पहरा लगाने से मरीज का ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाएगा? यह मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार की तानाशाही व्यवस्था है।

काफी देर तक चली बहस और प्रशासनिक अधिकारियों से हुई वार्ता के बाद पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए अभिषेक परमार को आईसीयू के अंदर जाकर अमित भटनागर से मिलने की इजाजत दी। मुलाकात के पश्चात बाहर निकले कांग्रेसी नेताओं ने अस्पताल की अव्यवस्थाओं और शासन-प्रशासन के रवैये पर जमकर हमला बोला। वहीं दूसरी ओर, पुलिस-प्रशासन का कहना है कि आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों के स्वास्थ्य, शांति और अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही बाहरी लोगों का प्रवेश सीमित किया गया था। घटना के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# बहू पर लगे 102 वर्षीय सास को छत से नीचे फेंकने के आरोप

**6 दिनों तक चले इलाज के बाद बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ा**

**छतरपुर।** जिले के नौगांव कस्बे से रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक बेहद जघन्य और दर्दनाक खबर सामने आई है। घरेलू विवाद के दौरान अपनी ही बहू द्वारा कथित रूप से छत से धक्का दिए जाने से गंभीर रूप से घायल हुई 102 वर्षीय वृद्ध महिला की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा बनाकर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। वृद्धा की मौत के बाद इस पूरे मामले ने बेहद गंभीर आपराधिक मोड़ ले लिया है।



परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात बीते शुक्रवार को घटी थी। घर में हुए आपसी विवाद के दौरान आरोपी बहू ज्योति रैकवार ने अपनी 102 वर्षीय सास गौराबाई गुप्ता को कथित रूप से मकान की छत से नीचे धक्का दे दिया था। छत से गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई बुजुर्ग महिला को परिजन तत्काल नौगांव स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पिछले 6 दिनों से जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहीं गौराबाई गुप्ता ने अंततः बुधवार रात दम तोड़ दिया। 102 वर्षीय गौराबाई गुप्ता की मौत के बाद गुरुवार को शव का विधिवत पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आते ही और चश्मदीदों के बयानों के आधार पर आरोपी बहू ज्योति रैकवार के खिलाफ वैधानिक व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**तीन माह पहले बहू के पति ने की थी आत्महत्या**

इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में एक और दर्दनाक कड़ी जुड़ी हुई है, जो इलाके में भारी चर्चा का विषय बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, आरोपी बहू ज्योति रैकवार ने वर्ष 2025 में गौराबाई के बेटे संजय गुप्ता से प्रेम विवाह किया था। शादी के कुछ समय बाद से ही घर में विवाद रहने लगा था। विवादों से तंग आकर 14 अप्रैल 2026 को संजय गुप्ता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले संजय ने एक सुसाइड नोट छोड़ा था, जिसमें उसने अपनी पत्नी ज्योति रैकवार, सास-ससुर, साले और साली पर प्रताडना के बेहद गंभीर और संगीन आरोप लगाए थे।

## खेत जोतने का विरोध करने पर कुल्हाड़ी व लाठियों से हमला

**जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, युवक के सिर में आए 21 टांके**

**छतरपुर।** राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदरगढ़ में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक किसान परिवार पर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है और निष्पक्ष जांच कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी तथा गंभीर धाराएं बढ़ाने की मांग की है।



पीड़ित धनीराम पाल के अनुसार, 3 जुलाई की शाम जब वे अपने परिवार के साथ खेत में काम कर रहे थे, तभी गांव के रसूखदार लोग ट्रैक्टर लेकर आए और उनकी मलकियत वाली जमीन को जबरन जोतने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में धनीराम, उनकी पत्नी बिट्टी बाई, पुत्र और भतीजे नरेन्द्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आए नरेंद्र पाल पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे उनके सिर पर 21 टांके आए हैं और वे ग्वालियर में कोमा की हालत में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। वहीं, बिट्टी बाई के सिर पर भी डंडा लगने से 8 टांके आए हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के दिन ही राजनगर थाने में मामला दर्ज तो किया गया, लेकिन इतनी गंभीर घटना के बावजूद पुलिस ने बेहद मामूली धाराएं लगाई हैं। पुलिस ने न तो मौका मुआयना किया और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी न होने से हौसला बुलंद आरोपी गांव में खुलेआम हथियार लेकर घूम रहे हैं और राजीनामा न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। भयभीत पीड़ित परिवार ने एसपी से आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धाराएं बढ़ाकर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

**कॉलेज चौराहे पर छात्रों ने शुरु किया हस्ताक्षर अभियान, सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश**

# सोनम वांगचुक और दिल्ली आंदोलन के लिए समर्थन जुटा रहे छतरपुर के युवा

**छतरपुर।**

सोनम वांगचुक के समर्थन में दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ हुई कथित मारपीट व पुलिस लाठीचार्ज और नीट पेपर लीक मामले के विरोध में छतरपुर में छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। गुरुवार को नगर के प्रमुख कॉलेज चौराहे पर विभिन्न छात्र संगठनों और युवाओं द्वारा एक विशाल हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि यह विरोध प्रदर्शन और हस्ताक्षर अभियान लगातार जारी रहेगा। इसके अंतर्गत जिलेभर के हजारों छात्र-छात्राओं से हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। इसके पश्चात इन हस्ताक्षरों से युक्त एक मांग पत्र देश के महामहिम राष्ट्रपति और माननीय प्रधानमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। सत्येंद्र शर्मा ने कड़े शब्दों में कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में अपने संवैधानिक अधिकारों के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे निहत्थे छात्रों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग और लाठीचार्ज किया जाना अत्यंत निंदनीय और लोकतंत्रीय मूल्यों के खिलाफ है। इसके साथ ही नीट परीक्षा का पेपर लीक होने से देश के लाखों परिश्रमी और होनहार छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार तुरंत निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करे और पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाए। अभियान के पहले ही दिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बैनर पर अपने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया।



## नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0: नगर पालिका के वाहन नशामुक्ति के लिए कर रहे जागरुक



**छतरपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत छतरपुर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका के सहयोग से नगर क्षेत्र में संचालित कचरा संग्रहण एवं अन्य नगरपालिका वाहनों के माध्यम से नशामुक्ति संबंधी ऑडियो संदेशों का प्रसारण कर नगर वासियों को जागरूक किया जा रहा है। नगर पालिका के वाहन प्रतिदिन विभिन्न वार्डों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों से होकर गुजरते हैं, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों तक नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त समाज के महत्व का संदेश प्रभावी ढंग से पहुँच रहा है। संदेश के माध्यम से युवाओं सहित सभी नागरिकों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की जा रही है। छतरपुर पुलिस आमजन से अनुरोध करती है कि नशे के विरुद्ध इस जनआंदोलन में सहभागी बनें, स्वयं नशे से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। सामूहिक प्रयासों से ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है।

## नदी के तेज बहाव में बहे युवक की मौत, सुबह मिला शव



**ईशानगर।** थाना क्षेत्र के हतनाई गांव निवासी संजू उर्फ सीताराम आदिवासी 28 वर्ष बीती शाम तरपेड नदी में नहाने गया था, तभी अचानक पानी बढने से वह तेज बहाव में बह गया। रातभर तलाश के बाद गुरुवार की सुबह एनडीआरएफ, होमगार्ड और ईशानगर पुलिस की संयुक्त टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव बरामद किया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इलाज के अभाव में युवक की मौत नाराज परिजनों ने किया चक्काजाम

**परिजन बोले- समय पर इलाज मिल जाता तो बच सकती थी जान**

**छतरपुर।** सटई थाना अंतर्गत ग्राम बहारगंज में समय पर इलाज न मिलने के कारण एक 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जिसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सटई बस स्टैंड पर चक्काजाम कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बहारगंज निवासी मत्थू पुत्र धरमदास पाल, उम्र 35 वर्ष को गुरुवार सुबह लगभग 6 बजे अचानक सीने में तेज दर्द उठा। परिजन आनन-फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सटई लेकर पहुंचे। परिजनों का गंभीर आरोप है कि उस समय अस्पताल में कोई भी डॉक्टर मौजूद नहीं था। अस्पताल में इलाज न मिलने पर परिजन मरीज को निजी वाहन से जिला अस्पताल छतरपुर ले जाने लगे, लेकिन दुर्भाग्यवश रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने शव को सटई बस स्टैंड पर रखकर चक्काजाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी सटई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की 24 घंटे नियमित उपलब्धता और दोषी अमले पर कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। घटना की सूचना मिलते ही सटई थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ सहित आसपास के चार थानों का पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार का आश्वासन देकर करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम समाप्त कराया गया। जाम खुलने के उपरांत पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया।



## ईशानगर थाने के एएसआई बने उप निरीक्षक, सहकर्मियों ने दी शुभकामनाएं



**ईशानगर।** ईशानगर थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र त्रिपाठी को पदोन्नति देकर उप निरीक्षक (एसआई) बनाया गया है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल बन गया।

धर्मेंद्र त्रिपाठी लंबे समय से पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और उत्कृष्ट कार्यशैली के कारण उन्हें विभाग में एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में जाना जाता है। पदोन्नति को उनकी सेवाओं और कार्यों का सम्मान माना जा रहा है। ईशानगर थाना के अधिकारियों एवं सहकर्मियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे आगे भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। पदोन्नति के बाद उप निरीक्षक धर्मेंद्र त्रिपाठी ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह भविष्य में भी पूरी ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ पुलिस सेवा में अपना योगदान देते रहेंगे।

# अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल पहुंचते ही एचआईवी संक्रमित व्यक्ति की मौत

**ईशानगर।** थाना क्षेत्र के पहाडगांव निवासी 45 वर्षीय राकेश कुशवाहा की बुधवार शाम अचानक तबीयत बिगडने के बाद मौत हो गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईशानगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र संतोष कुशवाहा ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका उपचार सागर के एक अस्पताल में जारी था। बुधवार शाम करीब 5 बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन तत्काल उन्हें ईशानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, राकेश कुशवाहा एचआईवी संक्रमित थे और लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था।



## बकस्वाहा के बेटे आयुष जैन का मुंबई में जलवा, बड़े पर्दे पर चमक रहा हुनर

**24 जुलाई को रिलीज़ होगी इंद्रजाल, वीएफएक्स सुपरवाइज़र के रूप में निभाई अहम जिम्मेदारी**

**बकस्वाहा।**

छतरपुर जिले के छोटे से कस्बे बकस्वाहा के युवा आयुष जैन ने मुंबई की फिल्म इंडस्ट्री में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सुप्रसिद्ध संगीतकार अखिलेश जैन अखिल के पुत्र आयुष जैन ने विजुअल इफेक्ट्स और पोस्ट-प्रोडक्शन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी तकनीकी दक्षता और रचनात्मक सोच के चलते वे आज कई बड़ी फिल्मों, वेब सीरीज़, म्यूजिक वीडियो और विज्ञापनों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं।



करीब तीन वर्ष पूर्व आयुष ने मुंबई में अपनी कंपनी क्रोमा क्रिएशन्स की स्थापना की थी। शुरुआत छोटे स्तर से हुई, लेकिन गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक के दम पर कंपनी ने फिल्म जगत में तेजी से भरोसा और पहचान हासिल कर ली। वर्तमान में कंपनी एडिटिंग, कलर ग्रेडिंग, कंपोजिटिंग, रोटोस्कोपिंग, स्क्रीन रिप्लेसमेंट, मोशन ग्राफिक्स, एनीमेशन और अत्याधुनिक ङ्कस्नङ्ग सहित पोस्ट-प्रोडक्शन के लगभग सभी कार्यों का संचालन कर रही है। साथ ही यह स्टार्टअप कई युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण का अवसर भी प्रदान कर रहा है।

आयुष जैन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 24 जुलाई को रिलीज़ होने वाली फिल्म इंद्रजाल शामिल है, जिसमें उन्होंने ऑन-शूट वीएफएक्स सुपरवाइज़र की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। शूटिंग के दौरान विजुअल इफेक्ट्स से जुड़े तकनीकी कार्यों का सफल निर्देशन और समन्वय उन्होंने किया, जिसकी फिल्म जगत में सराहना हो रही है। इसके अलावा आने वाली फिल्में हार्ड डिस्क, जागर, गोष्ट सुरू होते और रहस्यम में भी उनका तकनीकी योगदान देखने को मिलेगा।

आयुष का लक्ष्य केवल फिल्मों तक सीमित नहीं है। वे मध्यप्रदेश और देशभर के युवाओं को वीएफएक्स एवं डिजिटल मीडिया उद्योग में बेहतर अवसर उपलब्ध कराना चाहते हैं। भविष्य में वे अंतरराष्ट्रीय फिल्मों और ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम करने के साथ भारत में विश्वस्तरीय वीएफएक्स स्टूडियो स्थापित करने का सपना देख रहे हैं। बकस्वाहा जैसे छोटे कस्बे से निकलकर मुंबई की प्रतिस्पर्धी फिल्म इंडस्ट्री में अपनी मजबूत पहचान बनाना पूरे बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि मेहनत, लगन और स्पष्ट लक्ष्य के दम पर छोटे शहरों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

# 10 साल से फरार दुष्कर्मी को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।**

थाना लवकुशनगर में दर्ज करीब 10 साल पुराने दुष्कर्म के प्रकरण फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अजय अंबे ने बताया कि आरोपी अमृतलाल पुत्र बद्रीप्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम उचेहरा जिला सतना को गिरफ्तार किया गया है एवं विधिवत कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि छतरपुर पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के निपटारे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत यह सफलता हासिल की गई है।

# कमिश्नर ने रीवा-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण कार्य की समीक्षा की

## रेलवे के सभी प्रोजेक्ट पूरे करने एवं रेलवे लाइन से संबंधित सभी बाधाओं दूर करने के दिए निर्देश

रीवा।

रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा से सीधी और सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण कार्य की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार उपस्थित रहे। सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा, सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल, वन विभाग तथा विद्युत विभाग के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में कमिश्नर ने रेलवे के सभी डीएम और इंजीनियर को सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के निर्देश दिए तथा कहा कि रेलवे लाइन एवं रेल प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य आ रही बाधाओं को प्राथमिकता से दूर कराएं। रामपुर नैकिन रेलवे प्रोजेक्ट का कार्य सितंबर माह तक पूरा करें। बैठक में बताया गया कि रेलवे लाइन में निश्चित अंतराल पर दो आरओबी बनाए जाने हैं। रीवा जिले के दो गावों बांसा एवं रौरा में रेलवे चेनेज क्रमांक 20200 एवं 12000 में आरओबी निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसका धारा 19 के तहत प्रकाशन भी किया जा चुका है और धारा 23 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। कमिश्नर ने सीधी जिले के ग्राम झांझ, रायखोर, पटेहरा, मझियार में भूस्वामियों के मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली एवं उक्त सभी




ग्राम में धारा 19 एवं धारा 23 के अंतर्गत कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि कुछ स्थानों पर मुवावजे के लिए अनाधिकृत लोगों ने स्ट्रेक्चर एवं मकान बना रखे हैं उन्हें हटाते हुए सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधी कलेक्टर ने जानकारी दी कि ग्राम नौढिया में रेलवे परियोजना हेतु अधिकृत भूमि पर 19 परिवार के कच्चे मकान स्थित हैं। उक्त भूमि का मुआवजा दिया जा चुका है किंतु मकान अभी तक खाली नहीं किए गए हैं। इससे सीधी यार्ड में



गुड्स साइडिंग प्लेटफार्म के निर्माण के कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। कमिश्नर ने कहा कि मुआवजा वितरण हो चुका है तो लोगों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। सीधी जिले के बहरी तहसील के अंतर्गत मऊ, मझरेटी खुर्द, कुबरी, कुशियारी, भीतरी, बेलहा आदि ग्रामों में कुल 1.1570 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण हेतु धारा 21 के अंतर्गत भूस्वामियों को सूचना दी जा चुकी है। यहां अवार्ड का प्रकाशन लंबित है। बहरी तहसील में कुल 89 संरचनाएं रेलवे एलाइनमेंट में आ रही हैं जिन्हें हटाना आवश्यक है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जहां संरचनाओं का हटाया जाना आवश्यक है उन्हें वहाँ से हटाया जाए एवं मुआवजा वितरण लंबित न रखा जाए। जल्द से जल्द राहत राशि का वितरण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। कमिश्नर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि ग्राम कुर्सा एवं ढोगा क्षेत्र में स्थित एमपी पीटीसीएल की 132/220 केवी एचटी लाइन रेलवे एलाइनमेंट में बाधा उत्पन्न कर रही है। उसे तत्काल स्थानांतरित किया जाए। सीधी-देवसर के मध्य अति उच्च दाब 132 केवी की ट्रांसमिशन लाइनों को हटाने एवं मार्ग परिवर्तन का कार्य भी शीघ्र किया जाए। उल्लेखनीय है की ट्रांसमिशन लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग को राशि का भुगतान भी रेलवे द्वारा कर दिया गया है। कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के चितरंगी एवं देवसर तहसीलों में रेलवे लाइन पर आने वाली सरकारी भूमि पर स्थित परिसंपत्तियों के मूल्यांकन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम कटोली तहसील देवसर के अधिग्रहण क्षेत्रफल संबंधी रिकार्ड में जो अंतर है उसे भी दूर करने के निर्देश दिए गए। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि भू अभिलेख संबंधी सभी विसंगतियों को तत्काल दूर कर रेलवे लाइन का रास्ता क्लियर किया जाए। सिंगरौली कलेक्टर ने बताया कि रेलवे लाइन में आने वाले ग्राम झोको, जियावन एवं सिलफ के अवार्ड बन गए हैं। साथ ही कुछ एरिया अवार्ड से छूट गए हैं। उनका अध्ययन कर जल्द ही अवार्ड पारित किए जाएंगे।

# मनगवां विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने ढाई वर्षों के विकास कार्यों का दिया सार्वजनिक लेखा-जोखा

रीवा।



विधानसभा क्षेत्र मनगवां (73) के विधायक एवं इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने अपने कार्यकाल के ढाई वर्षों में कराए गए विकास कार्यों और उनके लिए स्वीकृत राशि का विवरण सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किया है। इस पहल से क्षेत्र की जनता को यह जानकारी मिली कि विधायक निधि का उपयोग किन-किन जनहितकारी निर्माण कार्यों में किया गया।विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उनके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि विधायक निधि का उपयोग किस प्रकार और किन प्राथमिकताओं के आधार पर कर रहा है। उन्होंने पारदर्शिता को जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी बताते हुए विकास कार्यों का पूरा विवरण साझा किया।जारी जानकारी के अनुसार विधायक निधि से ग्रेवल सड़क, पीसीसी सड़क, विद्यालय कक्ष निर्माण, जल गंगा संवर्धन के तहत तालाबों का सौंदर्यीकरण, हाट-बाजार, आंगनबाड़ी भवन, अटल सुशासन भवन, पंचायत भवन, मांगलिक भवन, सामुदायिक भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हिनौती गौधाम, रपटा पुलिया, चेक डैम, नया जनपद कार्यालय भवन, महिला एवं बाल विकास भवन, आईटीआई भवन, विधायक प्रतीक्षालय, विधायक परिसर तथा विद्यालयों और पंचायत भवनों की बाउंड्री वॉल सहित विभिन्न जनहितकारी निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत एवं अनुमोदित की गई।

## कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग में कार्यवाही, औचक निरीक्षण के दौरान 10 से 12 एकड़ भूमि पर मिली अवैध कॉलोनी, एफआईआर के निर्देश, संलिप्त कर्मचारियों पर भी होगी कार्रवाई



रीवा । जिले में अवैध प्लाटिंग और बिना अनुमति विकसित की जा रही कॉलोनियों के खिलाफ कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर ने शहर से सटे गड़रिया क्षेत्र में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लगभग 10 से 12 एकड़ से अधिक भूमि पर बिना वैधानिक अनुमति से कालोनी का निर्माण और प्लाटिंग करके जमीन की बिक्री करते पाई गई। संबंधित भूमि पर नियमों को दरकिनार कर भूखंडों का निर्माण एवं बिक्री की गई है। इस आवासीय परिसर में सड़क, बिजली और पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। कलेक्टर ने अवैध रूप से कालोनी निर्माण पर पटवारी को जमकर फटकार लगाई। कालोनी में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के प्लॉटों का सीमांकन करने तथा अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने संबंधित कॉलोनाइजरों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध प्लाटिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिना अनुमति कृषि भूमि का उपयोग बदलकर प्लॉट काटने वाले लोगों के खिलाफ राजस्व एवं नगर प्रशासन के नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिन व्यक्तियों ने अवैध रूप से प्लॉट बेचे हैं उनकी यदि अन्य जमीने हैं तो उनकी कुर्की करके कालोनी में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे कालोनी वासियों की परेशानी दूर हो। शहर के आसपास की अन्य अवैध कालोनियों पर भी शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित एसडीएम हुजूर तथा अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच कर दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें। अवैध प्लांटिंग में यदि किसी सरकारी अधिकारी और कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें। अवैध प्लाटिंग को संरक्षण देने या अनदेखी करने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया बहुरीबांध स्कूल का औचक निरीक्षण


रीवा । सीईओ जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर ने विकासखण्ड रीवा की शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक शाला बहुरीबांध का औचक निरीक्षण किया। सीईओ ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में तथा स्कूल के शौचालय में साफ़ सफाई का अभाव पाया। उन्होंने तत्काल वॉश ऑन व्हील एप के माध्यम से शौचालय की साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। सीईओ द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्रों से संवाद किया और किताब पढ़वाई, साथ ही उपस्थिति पंजी की भी जांच की। सीईओ ने माध्यमिक शाला बहुरीबांध में निर्धारित समय से पूर्व बच्चों को शाला से छोड़ने के कारण संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। सीईओ ने विद्यालयों में साफ-सफाई का अभाव पाये जाने पर संबंधित प्राचार्य, प्राधानाध्यापक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी व जन शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने माध्यमिक शाला बहुरीबांध में मरम्मत कार्य के लिए संबंधित पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए।

## नशे में थाने पहुंचा प्रधान आरक्षक निलंबित मैं पुलिस लाइन का गुंडा हूं कहते हुए हंगामे का वीडियो हुआ था वायरल, एसपी ने दिए जांच के आदेश

रीवा। मध्य प्रदेश में जहां एक ओर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध जनजागरण और सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं रीवा में पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने वाला एक मामला सामने आया है। शहर के अमहिया थाना परिसर में कथित रूप से शराब के नशे में पहुंचे एक प्रधान आरक्षक द्वारा हंगामा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह ने संबंधित प्रधान आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक अच्छेलाल पटेल का एक वीडियो मंगलवार शाम सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। बताया जा रहा है कि यह वीडियो लगभग दस दिन पुराना है, जिसमें प्रधान आरक्षक अमहिया थाने के भीतर कथित रूप से नशे की हालत में नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह लड़खड़ाते हुए खुद को पुलिस लाइन का गुंडा बताते हैं और कहते सुनाई देते हैं कि उन्होंने दो पौआ यानी छह पैक शराब पी रखी है। साथ ही वह यह भी कहते हैं कि ₹मेरा नाम मेजर लाठी है, वीडियो बना लो, कोई दिक्कत नहीं। प्रधान आरक्षक का व्यवहार असामान्य था। वह थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों के सामने ऊंची आवाज में बातें कर रहे थे और स्वयं ही शराब पीने की बात स्वीकार कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने यह दावा भी किया कि वह एक पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के सहायक रह चुके हैं। उनके व्यवहार से थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य लोग असहज नजर आए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और अनुशासन पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले का संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक अच्छे लाल पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की विभागीय जांच के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जांच में यह स्पष्ट किया जाएगा कि घटना के समय प्रधान आरक्षक वास्तव में नशे की हालत में थे या नहीं तथा उनके आचरण से पुलिस सेवा नियमों का उल्लंघन हुआ है या



नहीं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विभागीय कार्रवाई की जाएगी।यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब रीवा पुलिस अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। आईजी गौरव राजपूत और पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह के नेतृत्व में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब और अन्य नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश सरकार भी ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ अभियान के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दे रही है। ऐसे में यदि पुलिस विभाग का ही कोई कर्मचारी कथित रूप से शराब के नशे में थाना परिसर में अनुशासनहीनता करता हुआ दिखाई देता है तो यह न केवल विभाग की साख पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आम जनता के बीच भी गलत संदेश जाता है। यही कारण है कि पुलिस प्रशासन ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रधान आरक्षक को निलंबित कर जांच शुरू कर दी है।



## रिटायर्ड शिक्षक के घर करोड़ों की चोरी

**पांच महिलाओं के जेवरात और ढाई लाख नकदी ले उड़े बदमाश**

रीवा। जिले के सगरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाशों ने एक रिटायर्ड शिक्षक के मकान में सेंध लगाकर करोड़ों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। चोर इतनी सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए कि परिवार के किसी सदस्य को इसकी भनक तक नहीं लगी। सुबह जब लोग जागे तो घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला और चोरी का पता चला।=सूचना मिलते ही सगरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। चोरी की इस बड़ी वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत और लोगों में आक्रोश का माहौल है।=जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात ग्राम हरिहरपुर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक लाल बहादुर सिंह के घर में हुई। परिजन के अनुसार रात के समय अज्ञात चोर मकान में पीछे की ओर से सेंध लगाकर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने घर में रखी अलमारी, पेटी और अटैचियों के ताले तोड़कर उनमें रखे कीमती आभूषण और नकदी समेट ली।परिजनों ने बताया कि चोरों ने घर में रखे पांच महिलाओं के सोने-चांदी के जेवरात को निशाना बनाया। वारदात के दौरान बदमाशों ने किसी भी सदस्य को जागने का मौका नहीं दिया और चोरी करने के बाद आराम से फरार हो गए।=पीड़ित परिवार की सदस्य ज्योति सिंह ने बताया कि चोर कई सोने के हार, सोने की चैन, झुमके और अन्य बहुमूल्य आभूषण अपने साथ ले गए। इसके अलावा लगभग 10 किलो चांदी के जेवरात तथा ढाई लाख रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए।0परिवार का दावा है कि चोरी गए जेवरों की कीमत करोड़ों रुपये के आसपास है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आंकलन पुलिस जांच और पीड़ित परिवार द्वारा तैयार सूची के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही सगरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

### 100 मीटर दूर मिली पेटी और अटैची

सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो घर के कमरे बिखरे पड़े थे। अलमारियां खुली हुई थीं और सामान इधर-उधर फैला हुआ था। तलाश करने पर घर से चोरी हुई पेटियां और अटैचियां करीब 100 मीटर दूर बाईपास मार्ग के किनारे पड़ी मिलीं। माना जा रहा है कि चोर कीमती सामान निकालने के बाद खाली पेटियां वहीं छोड़कर फरार हो गए।

## किसान 31 जुलाई तक करा सकते है फसल बीमा

रीवा

फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिले के किसान निर्धारित तिथि तक फसल बीमा का पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक कृषि यूपी बागरी द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम में फसलों का फसल बीमा प्रारंभ है। इस वर्ष मौसम और बारिश का चक्र प्रभावित हो रहा है। इसलिए सभी किसानों को सलाह दी गई है कि अपनी फसल का बीमा अवश्य करवायें। जिससे उन्हें विपरीत मौसमीय प्रभावों से हुई फसल हानि के दृष्टिगत शासन की ओर से मिलने वाला नियमानुसार लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिये कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि तिल के लिये 570 रुपये, मक्का 634 रुपये, धान सिंचित के लिये 886 रुपये व धान असिंचित 632 रुपये, उडद के लिए 598 रूपये, मूंग के लिए 682 रुपये तथा अरहर के लिये 778 रुपये प्रति हेक्टर निर्धारित किया गया है। उप संचालक ने बताया कि ऋणी किसान बैंक में जाकर बुआई प्रमाण-पत्र के माध्यम से फसलों का बीमा करायें एवं अऋणी किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, जन सेवा केंद्र, सी.एस.सी. एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल www.fby.gov.in पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं। अतिरिक्त जानकारी के लिए टोल फ्री नं. 14447 पर कॉल किया जा सकता है।

# नशे के खिलाफ अमहिया पुलिस का जनजागरण अभियान

रीवा। जिले में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे व्यापक जनजागरण अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत अमहिया थाना पुलिस लगातार लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है। अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना अमहिया पुलिस की टीम बधान मोहल्ला पहुंची, जहां महिलाओं के बीच संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। पुलिस ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने परिवार और समाज को नशे की गिरफ्त से बचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा किसी भी प्रकार के अवैध नशे के कारोबार की जानकारी तत्काल पुलिस तक पहुंचाएं।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। शराब, गांजा, नशीले पदार्थ और अन्य मादक वस्तुओं का सेवन परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर करने के साथ-साथ घरेलू हिंसा, अपराध, सामाजिक विघटन और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं को जन्म देता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से महिलाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपने घर-परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। पुलिस ने महिलाओं को बताया कि यदि उनके आसपास किसी व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री या तस्करी की जा रही है अथवा किसी प्रकार



की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है तो बिना किसी भय के इसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आपातकालीन सेवाओं एवं हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई। पुलिस ने उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा नशा मुक्ति केंद्रों की सुविधाओं के बारे में बताते हुए आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने की सलाह दी।अमहिया पुलिस ने कहा कि नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाना है। इसी उद्देश्य से जिले के विभिन्न मोहल्लों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि युवाओं और आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जा सके। पुलिस ने अंत में महिलाओं से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगी, अपने परिवार के सदस्यों को भी नशे से बचाने का प्रयास करेंगी और समाज में नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देंगी।

# मऊगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ अगस्त क्रांति मंच ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**मऊगंज**। अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी के नेतृत्व में मंच के कार्यकर्ताओं एवं भ्रष्टाचार से पीड़ित नागरिकों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, गौशालाओं, पंचायतों, फर्जी वेंडरों, कथित भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से जुड़े अनेक मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन देने के दौरान पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाए जाने पर कुंज बिहारी तिवारी ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि ₹आखिर प्रशासन को जनता की आवाज से डर क्यों है? यदि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वालों को रोका जाएगा तो इससे गलत संदेश जाएगा।₹तिवारी ने कहा कि ₹हर अपराध का बाप भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार खत्म होगा तो विकास अपने आप होगा।₹ उन्होंने NEET पेपर लीक प्रकरण से जुड़ी छात्रा आकांक्षा चतुर्वेदी के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग दोहराई।ज्ञापन में तिवारी ने आरोप लगाया कि गौशालाओं के संबंध में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों और जमीनी स्थिति की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हजारों गौवंश गौशालाओं में दर्ज हैं तो सड़कों पर घूम रहे गौवंश



का भी सत्यापन होना चाहिए।उन्होंने लालजी खरे एवं एकता खरे (बहुती) की गुमशुदगी, लैब परिचारक पंकज श्रीवास्तव की नियुक्ति, शिवराजपुर के युवक की मृत्यु की निष्पक्ष जांच, कथित फर्जी वेंडरों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों की जांच की मांग उठाई।कुंज बिहारी तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी में लगभग 650 करोड़ रुपये की जीएसटी एवं रॉयल्टी चोरी से संबंधित मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। कुंज बिहारी तिवारी ने कहा कि अगर कलेक्टर द्वारा 31 जुलाई तक कार्यवाही नहीं की जाती तब 1अगस्त से 8 अगस्त तक जनता की अदालत मे और 9 अगस्त से कलेक्टर कार्यालय के सामने आमरण अनशन करूंगा ज्ञापन सौंपने के दौरान संजू पांडेय, प्रियेश पाण्डेय ,दिलीप तिवारी,अशोक द्विवेदी, पन्नालाल तिवारी, रविलाल कोल, हिंछलाल तिवारी, रामलखन गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, रोहित पांडेय, रुद्र पांडेय, हर्ष सिंह सेंगर, अमित तिवारी, व्यंकटेश तिवारी, प्रशांत उपाध्याय, विनोद शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थ कोरेक्स के दो तस्कर को मऊगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मऊगंज**। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम व एसडीओपी श्रीमती सचि पाठक के मार्गदर्शन में निरीक्षक राम सिंह की टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर की गई कार्यवाही घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 22/7/26 को दौरान हाइवे पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर सूचना मिली कि दो व्यक्ति नशीली कफ सिरप नीले रंग की बैग में रखकर दुबे चौराहा रोड बरया कला के पास अपने घर के सामने अवैध नशीली कफ सिरप ग्राहको को बिक्री कर रहे है सूचना की तस्दीक हमराही बल व गवाहो के मुखबिर के बताए स्थान पर की गई पुलिस के दुबे चौराहा के पास रोड पर पहुंचने पर दो व्यक्ति दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये जिसे हमराही स्टाफ के घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर एक ने अपना नाम रोशन गुप्ता पिता अशोक कुमार गुप्ता उम्र 23 साल निवासी वार्ड क्रंमाक 08 सुन्दर पुर्वा थाना मऊगंज जिला मऊगंज म. प्र एवं दूसरे ने अपना नाम शिवेन्द्र त्रिपाठी उर्फ शिब्बू पिता राजुकमार त्रिपाठी उम्र 21 साल निवासी बरया कला थाना मऊगंज का होना बताया एवं उनके कब्जे से 85



शीशी आनरेक्स कफ सिरप कुल कीमती 17127 रुपये 50 पैसा रुपये के एवं दो अदद एन्ड्राइड मोवाईल कीमती 30 हजार रुपये के जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही की जाकर वापस पर अप.क्र. 465/26 धारा 8,21,22 एनडीपीएस एक्ट 5/13 ड्रग्स कन्ट्रोल एक्ट का कायम किया गया हैं । मामले में फरार दो नफर आरोपियो की पता तलास जारी हैं । मामले में जप्त सुदा मशरुका - 85 शीशी आनरेक्स कफ सिरप कुल कीमती 17127 रुपये 50 पैसा रुपये के एवं दो अदद एन्ड्राइड मोवाईल कीमती 30 हजार रुपयेगिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण भूमिकाः- निरीक्षक राम सिंह , सउनि इन्द्रेश पाण्डेय , प्रआर 89 निलेश सिह ,आर 103 अरुणेन्द्र सिह,आर 57 संजीव कुमार सिह , आर. 125 शिवकुमार दुवे , आर. 126 विवेक यादव , आर. 45 प्रमोद पटेल , महिला आर. 79 रेखा पाण्डेय सराहनीय योगदान रहा ।